मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555







पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव की अंतिम यात्रा उनके आवास विष्णुपद से निकली, सड़क पर पहुंचते ही शव वाहन के पीछे हजारों वाहनों का हुजूम शामिल हो गया। बैकुंठधाम में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चिता में लकड़ियां रखकर नम आंखों से भाई को अंतिम विदाई दी।

# पंचतत्व में विलीन हुए प्रतीक, ससुर ने दी मुखाग्नि

## बैंकुंठ धाम में किया गया अंतिम संस्कार, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक के अलावा मंत्री, विधायक, सांसद भी पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव गुरुवार को पंच तत्व में विलीन हो गए। बैंकुठ धाम में ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी।

विक्रमादित्य स्थित विष्णुपद आवास से सुबह करीब 11.58 बजे प्रतीक यादव की अंतिम यात्रा निकाली। अर्थी उठते ही लोगों की आंखें नम हो गई। पत्नी अपर्णा यादव और बेटियां प्रथमा यादव व पद्मजा यादव फूट-फूट कर रोने लगीं। अपर्णा ने दोनों बेटियों को सीने से लगा कर संभाला। समाजवादी पार्टी कार्यालय के पास फूलों से सजो वाहन पर शव को रखकर बैकुंठ धाम ले जाया गया। शव यात्रा में पूर्व सीएम अखिलेश यादव, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, मंत्री ओम प्रकाश राजभर, बेबी रानी मौर्य, पूर्व सांसद कौशल किशोर, विधायक जय देवी, मंत्री सतीश शर्मा, विधायक राजेश्वर सिंह, नीरज सिंह, प्रतीक के चाचा शिवपाल यादव, भाभी डिंपल यादव, भाई धर्मेंद्र यादव, आदित्य यादव व अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद, शामिल रहे। शव यात्रा निकलने के कुछ देर के बाद अपर्णा भी दोनों बेटियों को लेकर बैकुंठ धाम पहुंच गई। चिता के पास बेटियां बेसुध हालत में पहुंची। उन्हें परिवार के लोगों ने संभाला। बैकुंठ धाम पर हर जुबान पर एक ही बात थी कि अर्थी का मुखाग्नि कौन देगा? परिवार से चाचा और रिश्ते के भाई सब मौजूद थे। इसी दौरान प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट अर्थी तक पहुंचे, तब जाकर लोगों को पता चला कि मुखाग्नि वह देंगे। इसके बाद दोपहर 1.54 मिनट पर ससुर ने चिता को मुखाग्नि दी।



बैंकुंठ धाम में दामाद प्रतीक यादव की चिता को मुखाग्नि देते ससुर अरविंद सिंह बिष्ट। अमृत विचार



स्वामी अवधेशानंद गिरि।

### वाहनों से पटीं सड़कें

- प्रतीक के घर की सड़कें सुबह से ही वाहनों से पट गई। समाजवादी पार्टी दफ्तर से लेकर प्रतीक यादव के घर तक वाहनों की कतार लगी थी। गौतमपल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस यातायात को संभालने में जुटी थी। घर से जब शव यात्रा शुरू हुई तो बैकुंठ धाम तक वाहनों की लाइन लग गई। बैकुंठ धाम से लेकर गोमती बैराज और बालू अड्डे तक वाहन दोनों साइड पर खड़े थे। इस दौरान शव वाहन के आगे पुलिस की गाड़ियां चलती रही।

### सपा कार्यालय पर कुछ देर के लिए रखा गया पार्थिव शरीर

- प्रतीक के पार्थिव शरीर को कुछ समय के लिए रास्ते में समाजवादी पार्टी के कार्यालय में भी रखा गया। यह उस पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार किया गया, जिसके तहत श्मशान घाट पहुंचने से पहले पार्थिव शरीर को पांच बार जमीन पर रखा जाता है। शव यात्रा में बड़ी संख्या में सपा और भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की। दोपहर करीब पौने एक बजे प्रतीक की शव यात्रा ''बैकुंठ धाम'' श्मशान घाट पहुंची और उनके पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू की गयी।

### अखिलेश ने भतीजी को दुलराया, दी चॉकलेट

- प्रतीक की अचानक हुई मौत ने परिवार के हर शख्स को तोड़ कर रख दिया है। बैकुंठ धाम में अखिलेश यादव आगे की पंक्ति में शिवपाल यादव के साथ बैठे थे, जबकि पांच वर्षीय भतीजी पद्मजा उनके बगल में बैठी थीं। वहीं बड़ी भतीजी प्रथमा शिवपाल यादव के पास बैठी थीं। अखिलेश यादव की आंखों में भी आंसू थे। इस दुख की घड़ी में अखिलेश यादव घर के बड़े सदस्य होने का फर्ज भी निभाते नजर आए। अपने पिता के निधन से बेखबर छोटी बेटी के सिर पर अखिलेश यादव ने उनके सिर पर हाथ फेरा और दुलार किया। अखिलेश यादव ने पद्मजा को एक चॉकलेट दी। बच्ची जब उसका रैपर खोलने में असमर्थ रही, तो उसने इशारे से अपनी परेशानी बताई। इसके बाद अखिलेश ने रैपर खोलकर चॉकलेट उसे वापस दे दी, जिस पर बच्ची ने उन्हें धन्यवाद कहा।



भतीजी पद्मजा यादव को दुलराकर ढांढस बंधाते अखिलेश।

### शव वाहन पर भी दिखा प्रतीक यादव का पशु प्रेम

- प्रतीक यादव को पशुओं से काफी प्रेम था। वह स्ट्रीट डॉग्स की देखभाल किया करते थे। प्रतीक का पशु प्रेम उनके शव वाहन पर नजर आया। उनके शव वाहन को खास तरीके से सजाया गया था। सफेद फूलों से सजाए गए वाहन के दोनों साइड पर बड़े-बड़े बैनर लगे थे। बैनरों में जानवरों के साथ प्रतीक यादव की तस्वीर भी लगाई गई थी, जो उनके पशु प्रेमी होने की गवाही दे रही थी।



पिता को अंतिम विदाई देने बाबा शिवपाल सिंह यादव के साथ बैकुंठधाम जाती प्रतीक की बड़ी बेटी प्रथमा यादव।

### अंतिम दर्शन किए



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला सफाईकर्मी से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** बुद्धेश्वर इलाके की रहने वाली महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि इलाके के एक निजी स्कूल में साफ-सफाई के साथ चपरासी का काम करती है। 12 मई की सुबह 9 .30 बजे स्कूल के पार्क में झाड़ लगा रही थीं। इसी बीच पार्क से सटे मकान का रहने वाले लोगों ने गालियां देनी शुरू की। सफाई करने से मना कर दिया। विरोध करने पर बंटी उर्फ अनुराग नाम के युवक के साथ सात-आठ लोग अंदर घुस आये। उसके साथ छेड़छाड़ की और जातिसूचक गालियां दी। विरोध करने पर उसकी पिटाई की। शोर मचाने पर स्कूल के गार्ड, शिक्षक, प्रबंधक और उनके बेटे पहुंचे और बीच-बचाव किया। इस पर आरोपियों ने उन लोगों के साथ भी मारपीट की। कई लोग चोटिल हो गये हैं। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### वृद्धा की गुम चेन को पड़ोसियों ने समझा लूट

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऐशबाग के तिलकनगर निवासी रंजना निगम के अनुसार उनकी 94 वर्षीय चाची सरला निगम उम्र अधिक होने के कारण अक्सर बातें भूल जाती हैं और घर से बाहर भी नहीं निकलतीं। गुरुवार सुबह उन्होंने गले में हाथ लगाया तो चेन गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी चेन नहीं मिली तो वह घर के बाहर जाकर खड़ी हो गईं। इसी दौरान टहलने निकले लोगों को उन्होंने चेन गायब होने की बात बताई, जिसे लोगों ने लूट की घटना समझ लिया और डॉयल-112 पर सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। बाद में भतीजी रंजना ने पुलिस को बताया कि चाची अक्सर सामान रखकर भूल जाती हैं और उनके साथ कोई लूट नहीं हुई है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि लूट की सूचना गलत थी। परिजनों ने लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया है।

### चाचा पर किया धारदार हथियार से वार

**अमृत विचार, उन्नाव:** पारिवारिक भूमि विवाद मामले में कोर्ट के निर्देश पर पहुंची राजस्व व पुलिस टीम के सामने भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस कर्मियों ने हमलावर को हिरासत में लिया है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के हयासपुर गांव निवासी गणेश पुत्र स्व. रामकुमार ने वर्षों पूर्व एक मंदिर बनवाया था। जिसकी जमीन को लेकर उसका चाचा ओमकार से विवाद था। इसी विवाद को निपटाने के लिये गुरुवार को कोर्ट के आदेश को तामील कराने सफीपुर तहसील की राजस्व टीम फोर्स के साथ मौके पर पहुंची थी। इससे वहां मौजूद दोनों पक्षों में पुन: विवाद शुरू हो गया था। बात बढ़ी तो इसी बीच गणेश ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## निवेश से पहले पोर्टल पर देखें परियोजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारदर्शिता बढ़ाने के लिए रेरा ने खरीदारों को दी जांच की सलाह

**अमृत विचार :** भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा और रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जरूरी जांच करने की सलाह दी है।

ऑनलाइन पोर्टल को और मजबूत बनाया है, ताकि परियोजनाओं से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी आम जनता को आसानी से उपलब्ध हो सके। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट up-rera.in पर जाएं और रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट सेक्शन पर क्लिक करके परियोजना का नाम या पंजीकरण नंबर डालकर खोज सकते हैं। ब्ल्यू आइकन पर क्लिक करते ही परियोजना का विवरण खुल जाएगा।

इसमें परियोजना की मूल जानकारी जैसे प्रारंभ और पूर्णता तिथि, पंजीकरण संख्या, डिटेल, प्रमोटर की जानकारी मिलेगी। इसी विकल्प में प्रोजेक्ट डिटेल में जाकर विकास कार्य, बैंक विवरण, भूमि विवरण, अपलोड दस्तावेज आदि की पूरी जानकारी देखें। इसके अलावा हेल्प डेस्क नंबर 9151602229, 9151642229 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बंद घरों में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**25** हजार रुपये व जेवर बरामद, दो वारदातों का खुलासा

**अमृत विचार :** बंद मकानों को निशाना बनाने वाले तीन शातिर चोरों को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 हजार नगद और सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस ने दो वारदातों का खुलासा करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि 18 अप्रैल को बसंतकुंज सेक्टर आई निवासी कमरून निशा ने घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि वह 16 अप्रैल को घर में तालाबंद कर अपने पूरे परिवार के साथ बाराबंकी गई थी। दो दिन बाद घर लौटकर आई तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। इसके अलावा 9 मई को बसंतकुंज सेक्टर आई निवासी गीता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि वह 7 मई को परिवार संग गोंडा गई थी। इसी बीच चोरी हुई।

छानबीन के दौरान गुरुवार को पुलिस ने मूसाबाग खंडहर के पास तीन आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में अपना नाम नूर मोहम्मद उर्फ बाबू, मोहम्मद हमजा और आनन्द यादव बताया।

तीनों सेक्टर आई बसंतकुंज योजना ठाकुरगंज के निवासी है। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

### दरोगा समेत तीन के खाते से उड़ाए 2.15 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर और कृष्णानगर में दर्ज हुए मुकदमे

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने अलीगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों के खातों से 2.15 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं गुम मोबाइल के जरिए खाते से रकम निकाली गई तो कहीं ऑनलाइन शॉपिंग और व्हाट्सएप कॉल के जरिए ठगी की गई। पुलिस ने गोमतीनगर और कृष्णानगर थानों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलीगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक अजय बहादुर सिंह का मोबाइल 9 मई को गोमतीनगर क्षेत्र में कहीं गिर गया था। मोबाइल में नेट बैंकिंग चालू थी। देर रात मिनी स्टेटमेंट चेक करने पर खाते से चार बार में 95 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई। उन्होंने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोमतीनगर के ग्वारी गांव निवासी महेंद्र कुमार से व्हाट्सएप कॉल के जरिए 50 हजार रुपये ठग लिए गए। वहीं कृष्णानगर के प्रेमनगर निवासी विपिन सोनी की पत्नी ने फेसबुक लिंक से ऑनलाइन खरीदारी की थी। कपड़े खराब मिलने पर रिफंड के नाम पर एप डाउनलोड कराई गई, जिससे मोबाइल हैक हो गया और खाते से 70 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है।

## यूआरकेयू ने उठाईं कर्मियों की मांगें

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन (यूआरकेयू) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के समक्ष रेलवे कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों और मांगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। यूनियन ने रेलवे के विभिन्न संगठनों और कर्मचारियों से प्राप्त मांग-पत्रों को समाहित करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक आयोग के सामने रखा। बैठक में टेक्नीशियन, जूनियर इंजीनियर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, लोको पायलट, चीफ लोको इंस्पेक्टर, रिजर्वेशन स्टाफ, फार्मासिस्ट, ट्रैकमैन, पॉइंट्समैन और चीफ लॉ असिस्टेंट सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की पदोन्नति, वेतनमान, कैडर संरचना और सेवा संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई।

मनमानी

मलिहाबाद में 85 .70 करोड़ रुपये से बनी मंडी में इस बार भी नहीं होगा आम का कारोबार

# चेतावनी के बाद भी हाईवे पर सजने लगी आम की अवैध मंडी

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

- हाईवे के दोनों तरफ कब्जा करके व्यापारी बनाने लगे दुकान लगेगा जाम

**अमृत विचार :** मलिहाबाद में 85.70 करोड़ रुपये की लागत से बनी वातानुकूलित मंडी में इस बार भी आम का कारोबार नहीं होगा। हर साल की तरह कारोबारियों ने लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध आम की मंडी सजाना शुरू कर दिया है। हाईवे के दोनों तरफ कब्जा करके तिरपाल, पन्नी व बास-बल्ली लगाकर करीब 60 दुकानें लगा ली हैं। जबकि बुधवार को एसडीएम और मंडी प्रशासन ने अवैध आम मंडी लगाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है, जिसका आढ़तियों पर कोई असर नहीं पड़ा है। इनके अवैध कारोबार और वाहनों की धमा-चौकड़ी से दो माह तक हाईवे जाम रहेगा और दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी।

मंडी परिषद ने मलिहाबाद में केवल आम का कारोबार करने के लिए हाईटेक मंडी बनाई थी। लेकिन, आढ़तियों ने लाइसेंस नहीं लिए और हाईवे पर अवैध मंडी सजाकर देशभर में आम का कारोबार करते रहे। इससे करोड़ों की मंडी शोपीस बनी रही। ऐसे में शासन ने मंडी को फल, सब्जी समेत अन्य जिंस का कारोबार करने की अनुमति दे दी। पिछले वर्ष व्यापारियों ने लाइसेंस लिए और दुकानें भी आवंटित कराई। लेकिन, आम का कारोबार हाईवे पर अवैध मंडी लगाकर किया। इससे मंडी शुल्क को करोड़ों का नुकसान हुआ। दुकान सजाने से पहले पुलिस, प्रशासन और मंडी समिति ने कार्रवाई के प्रयास किए थे, लेकिन दबाव में सख्त कार्रवाई नहीं कर पाए। इस बार भी अफसरों की चेतावनी का कोई असर नहीं दिखा।



लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बन रही अवैध मंडी। अमृत विचार

> बैठक में सभी को स्थाई मंडी में दुकानें लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी हाईवे पर मंडी लगती है तो कार्रवाई करेंगे। यदि कोई किसान किराये पर अस्थाई मंडी के लिए जमीन देता है तो उस पर भी कार्रवाई करेंगे।
>
> **-अंकित कुमार,** एसडीएम मलिहाबाद

> आढ़तियों की मांग थी कि मंडी में टिनशेड और चबूतरा नहीं है जो बना दिए गए। बराबर अपील के बाद भी आढ़ती हाईवे किनारे अस्थाई मंडी लगा रहे हैं। इन पर कार्रवाई करके जुर्माना वसूल करेंगे। एसडीएम ने बैठक में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।
>
> **-सुभाष सिंह,** मंडी सचिव

## मलिहाबाद मंडी के 25 फर्मों के लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन करने पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचार :** उप मंडी स्थल मलिहाबाद का लाइसेंस लेकर दुबग्गा मंडी में कारोबार करने वाली 25 फर्मों के लाइसेंस मंडी सचिव ने निलंबित कर दिए हैं। इनके द्वारा लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन करके कारोबार किया गया। इससे मंडी शुल्क को करोड़ों का नुकसान हुआ है।

मंडी सचिव सुभाष सिंह ने बताया कि मैसर्स अनिल चौरसिया फ्रूट एंड वेजीटेबुल, एस मौर्या फ्रूट कंपनी, एसके एंड संस, गुफरान अहमद एंड संस, ज्ञान सिंह एंड संस, जय मां लक्ष्मी एंड कंपनी, जय मां दुर्गे, आदर्श चौरसिया फ्रूट एंड वेजीटेबुल, अनूप ट्रेडिंग कंपनी, ओम प्रकाश एंड कंपनी, शिवशक्ति फ्रूट कंपनी, प्रकाश एंड संस, आशुतोष बाबू लाल एंड कंपनी, मुनीर अहमद एंड ब्रदर्स, बब्लू एंड संस, अमीन एंड ब्रदर्स, बाला जी फ्रूट कंपनी, कुलदीप एंड संस, हरी शंकर एंड कंपनी, रामभरोसे लोधी एंड संस, चेतराम एंड संस, रिंकू एंड कंपनी, शुभम फ्रूट एंड वेजीटेबुल, आबाद खान एंड ब्रदर्स ,गौरव फ्रूट कंपनी के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। इन फर्मों ने नोटिस का जवाब भी नहीं दिया।

# यूपीएससी की तर्ज पर दो चरण में हो नीट, अलग एजेंसी कराए परीक्षा


## पेपर लीक से उठे सवालों पर चिकित्सा विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की बताई जरूरत

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को लेकर लगातार सामने आ रहे विवादों ने देश की चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। पेपर लीक, संगठित नकल गिरोह और परीक्षा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के बीच चिकित्सा विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की जरूरत बताई है।

डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,लखनऊ के हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ.भुवन चंद्र तिवारी ने कहा कि नीट परीक्षा को यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन(यूपीएससी) की तर्ज पर दो चरणों में आयोजित किया जाना चाहिए। उनका सुझाव है कि दोनों चरणों के संचालन की जिम्मेदारी अलग-अलग एजेंसियों को दी जाए। पहले चरण के परिणाम के तुरंत बाद उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दूसरे चरण का प्रवेश पत्र जारी किया जाए, ताकि परीक्षा की शुचिता और विश्वसनीयता बढ़े।

- मेरिट से समझौता देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए घातक




### सिर्फ परीक्षा नहीं, भविष्य के डॉक्टरों की गुणवत्ता का सवाल

मेरठ के चिकित्सा विशेषज्ञ प्रो.(डॉ.) अनिल नौसरान ने कहा कि मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और मेरिट आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाने वाले छात्रों की गुणवत्ता ही भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था तय करती है। यदि अयोग्य अभ्यर्थी अनुचित साधनों से प्रवेश प्राप्त करते हैं, तो अंततः इसका नुकसान मरीजों और पूरे समाज को उठाना पड़ता है।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

पूर्व आईएमए अध्यक्ष लखनऊ एवं केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.जेडी रावत का कहना है कि नीट यूजी परीक्षा का पेपर लीक होना शर्मनाक स्थिति है, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि पता चला है कि पेपर प्रिंटिंग मशीन से ही लीक हो गया था, इसके लिए चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था स्थापित करनी होगी। बताया कि पूर्व में हम लोग (केजीएमयू) सीपीएमटी की सफलतापूर्वक परीक्षाएं करा चुके हैं। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि दुबारा कोई दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि दुबारा परीक्षा कराना क्षतिपूर्ति नहीं है, जरूरी नहीं है बच्चे का हर पेपर अच्छा हो।

### छात्रों का भरोसा हुआ कमजोर, लागू करें पुरानी व्यवस्था

लखनऊ आईएमए के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ.पीके गुप्ता का कहना है कि हर वर्ष विवाद सामने आने से छात्रों का भरोसा कमजोर हुआ है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भंग कर देना चाहिए, साथ ही सुझाव दिया कि परीक्षा आयोजन की पुरानी व्यवस्था का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। इससे एक दिक्कत से पूरे देश की परीक्षा प्रभावित नहीं होगी।

### एनटीए और एनएमसी पर उठे सवाल

बरेली के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अतुल अग्रवाल का कहना है कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, इस देश में एक परीक्षा ठीक से नहीं हो सकती है। इससे 22.50 लाख बच्चे और उनका परिवार प्रभावित हुआ है। केंद्रीय मंत्री धमेन्द्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए, दोषियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए,भविष्य में किसी की हिम्मत न पड़े। डॉ.अतुल अग्रवाल ने इस देश की दो महत्वपूर्ण संस्थाए, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को खत्म करने की मांग की है।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत


आशीष रावत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर के बंथरा-बिजनौर रोड पर स्थित कासिम खेड़ा में वेयरहाउस के सामने गुरुवार देर शाम को बेकाबू पिकअप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। चालक ने रफ्तार धीमी नहीं की, बाइक सवार को रौंदता हुआ निकला गया। हादसे में बंथरा के चनखरा निवासी आशीष रावत (27) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ दूरी पर चालक पिकअप छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पिकअप को कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक चार माह पूर्व आशीष की शादी हुई थी। हादसे के वक्त वह ससुराल जा रहा था।

बंथरा के चनखरा निवासी आशीष रावत की करीब 4 माह पहले फरवरी में मोहनलालगंज के कोड़रा गांव में रहने वाली सिमरन के साथ शादी हुई थी। आशीष लखनऊ एयरपोर्ट पर कैंटीन में काम करता था। आशीष शाम करीब 7 बजे बाइक से ससुराल जा रहा था। मृतक के परिवार में उसके पिता प्यारेलाल और उसकी मां के अलावा एक बड़ा भाई सरोज और दो विवाहित बड़ी बहनें हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ:** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उप्र. ने पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा (जेईईसीयूपी-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 मई कर दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित थी। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों और विभिन्न संस्थाओं की मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी, जिसे बढ़ाकर 11 मई किया गया था। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी जेईईसीयूपी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए परिषद के हेल्पलाइन नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667 और 2636589 पर संपर्क किया जा सकता है। परिषद के अनुसार, 11 मई तक 2,71,093 सीटों के सापेक्ष चार लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

### पीएम की अपील को बनाएं जनआंदोलन

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का समर्थन करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, किसानों, निजी संस्थानों और आम लोगों से राष्ट्रहित में जीवनशैली में बदलाव अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के बीच सादगी, बचत और स्वदेशी भावना को अपनाना समय की जरूरत है।

### नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीसीएस रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन, उप्र. की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कैंट रोड स्थित संगठन भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ सदस्य अवधेश नारायण सिंह द्वारा निर्वाचित और मनोनीत पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वाली एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी में टीएन दिवेदी को अध्यक्ष, अनिल कुमार मिश्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष, एसपी राय को उपाध्यक्ष, अमृत लाल साहू को महासचिव, प्रहलाद सिंह को सचिव और अशोक कुमार शुक्ला को मीडिया सचिव बनाया गया। ओमप्रकाश गुप्ता को अस्थायी रूप से कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद वरिष्ठ सदस्य चद्रमणि मिश्र ने कार्यकारिणी सदस्यों और मंडलीय संयोजकों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद आयोजित बैठक में आठवें वेतन आयोग को भेजे जाने वाले ज्ञापन पर चर्चा कर उसे ध्वनिमत से पारित किया गया।

### काकोरी में वारंटी हुआ गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी:** न्यायालय में पेश न होने वाले एक वारंटी को काकोरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लूट, चोरी और धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। आरोपी संजय रैदास निवासी ग्राम दोना काकोरी के खिलाफ अलग-अलग मुकदमों में कोर्ट ने वारंट जारी किया गया था।

### छुट्टा पशु से टकरा कर बाइक सवार घायल

**अमृत विचार, निगोहां:** थाना क्षेत्र के सुदौली मोड़ पर गुरुवार को छुट्टा पशु से टकराकर बाइक सवार दो मजदूर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एनएचआई एंबुलेंस से सीएचसी मोहनलालगंज भेजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायल देशराज और मनीष कनकहा के रंजीतखेड़ा के रहने वाले हैं।

# 84 पीसीएस अफसरों के तबादले

## सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत करने के लिए किए व्यापक बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर निगम, विकास प्राधिकरण और राजस्व विभाग में फेरबदल
- पांच पृष्ठों की सूची जारी कर सौंपी नई जिम्मेदारियां

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने गुरुवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 84 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। नियुक्ति विभाग के सचिव एम. देवराज द्वारा जारी तबादला आदेश में कई जिलों के अपर जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, विकास प्राधिकरणों के सचिव, नगर मजिस्ट्रेट और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जारी सूची के अनुसार वाराणसी में तैनात अपर जिलाधिकारी (नगर) आलोक कुमार वर्मा को मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर बनाया गया है। हरदोई की अपर जिलाधिकारी (वि/रा) प्रियंका सिंह को कमांडेंट नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ भेजा गया है। बदायूं में तैनात अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अजीत कुमार सिंह को मुजफ्फरनगर का अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अतुल कुमार प्रथम को संयुक्त निदेशक (प्रशासन) नागरिक उद्यान निदेशालय एवं संयुक्त सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जालौन के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) राजेंद्र कुमार वर्मा को सचिव आगरा विकास प्राधिकरण बनाया गया है। आगरा विकास प्राधिकरण की सचिव श्रद्धा शांडिल्यायन को परीक्षा नियंत्रक उत्तर प्रदेश विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक भर्ती बोर्ड लखनऊ बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक शादाब असलम को अपर नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है। संतकबीरनगर के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) यश कुमार को अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल बनाया गया है, जबकि नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ की कमांडेंट नीता को अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल भेजा गया है। श्रावस्ती के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमरेन्द्र कुमार वर्मा को अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) आगरा बनाया गया है। गोरखपुर के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विनीत कुमार सिंह को सचिव प्रयागराज विकास प्राधिकरण नियुक्त किया गया है। प्रयागराज के अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एल्मा मिश्रा को अतिरिक्त मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन बनाया गया है, जबकि प्रयागराज मंडल की अपर आयुक्त रजोलिया को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सुल्तानपुर भेजा गया है। महोबा में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति परियोजना में तैनात मोहम्मद इरशाद को प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ बनाया गया है। वाराणसी के अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विपिन कुमार को अपर जिलाधिकारी (वि/रा) इटावा तथा इटावा के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक रंजन श्रीवास्तव को अपर नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ बनाया गया है। मेरठ में तैनात सुखवीर निरंजन को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति महोबा भेजा गया है। आजमगढ़ के अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राहुल कश्यप विवेकानंद को सचिव अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बनाया गया है। लखनऊ नगर निगम के अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र को प्रधानाचार्य स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ तथा सचिव प्रबंध समिति उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज सोसाइटी बनाया गया है। गाजियाबाद के नगर मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय को उप निदेशक (प्रशासन) खेल निदेशालय की जिम्मेदारी दी गई है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सविता को वाराणसी नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। गोरखपुर के अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी (वि/रा) रायबरेली भेजा गया है। इसके अलावा हरदोई की उप जिलाधिकारी यादव भूमिका राजबहादुर को प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ बनाया गया है। मेरठ विकास प्राधिकरण के सचिव आनंद कुमार सिंह को अपर जिलाधिकारी (वि/रा) रामपुर, मऊ के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सर्वप्रिय सिंह को संभल, गाजीपुर के अपर जिलाधिकारी (वि/रा) दिनेश कुमार को ललितपुर तथा मेरठ के अपर जिलाधिकारी (नगर) बुजेश कुमार सिंह को अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सीतापुर भेजा गया है। सरकार द्वारा जारी पांच पृष्ठों की इस सूची में नगर निगम, विकास प्राधिकरण, राजस्व, खेल, पर्यटन, स्वास्थ्य और सहकारी विभागों से जुड़े अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं।

# पीसीएस अधिकारियों के आईएएस बनने का रास्ता साफ, 33 पद आवंटित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2010-11 बैच के अधिकारियों को मिलेगा लाभ, 2012 बैच के कुछ नाम भी दौड़ में

**अमृत विचार:** प्रदेश के पीसीएस अधिकारियों के लिए बड़ी राहत और खुशखबरी आई है। केंद्र सरकार ने चयन वर्ष 2025 के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नति कोटे के तहत प्रदेश को 33 पद आवंटित किए हैं। इससे वर्ष 2010 और 2011 बैच के पीसीएस अधिकारियों के आईएएस बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। साथ ही 2012 बैच के कुछ अधिकारियों को भी पदोन्नति का लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है।

केंद्र से पद आवंटित होने के बाद प्रदेश के नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने पदोन्नति प्रक्रिया तेज कर दी है। विभाग संभावित अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां (एसीआर) और सेवा अभिलेख जुटाने में लगा है। इसके बाद प्रस्ताव तैयार कर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेजा जाएगा। यूपीएससी में प्रस्ताव पहुंचने के बाद विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आयोजित होगी, जिसमें पात्र अधिकारियों के नामों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। डीपीसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अधिकारियों को औपचारिक रूप से आईएएस कैडर में प्रोन्नत किया जाएगा।

इस बार अपेक्षाकृत अधिक पद मिलने से लंबे समय से प्रमोशन का इंतजार कर रहे पीसीएस अधिकारियों में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ महीनों में पदोन्नति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**कैसे होती है पदोन्नति :** राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को सेवा अवधि, एसीआर, वरिष्ठता और कार्य प्रदर्शन के आधार पर आईएएस में पदोन्नति दी जाती है। राज्य सरकार प्रस्ताव तैयार कर यूपीएससी को भेजती है, जिसके बाद डीपीसी की बैठक में अंतिम चयन होता है।

# नहर में उतराते मिले युवक-युवती के शव, आंखें मूंदे रही पुलिस

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** थाना क्षेत्र के सिठौली पुल के पास गुरुवार को राहगीरों ने एक युवक और एक युवती के शव नहर में उतराते देखे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया, लेकिन पुलिस की ओर से कोई तत्परता नहीं दिखी। आरोप है कि शवों को जानबूझकर आगे बहने दिया गया, ताकि जिम्मेदारी पड़ोसी थानों या जिलों पर आ जाए।

वीडियो में साफ दिख रहा है कि दोनों शव इंदिरा नहर में अचली खेड़ा बैराज की ओर बह रहे हैं। वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर आक्रोश फूट पड़ा। कई यूजर्स ने लखनऊ पुलिस को "गैर जिम्मेदार" करार दिया। इसके बाद नगराम पुलिस ने शवों को सलेमपुर अचाका बैराज के बाद रायबरेली बॉर्डर की ओर जाने दिया।

# अपहृता बरामद आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी:** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 8 मई को पीड़िता के पिता की तहरीर पर काकोरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। छानबीन के दौरान पुलिस टीम ने ग्राम बेहटा क्षेत्र से पीड़िता को बरामद कर लिया। वहीं आरोपी प्रवीन निवासी ग्राम लुधौसी काकोरी को भी गिरफ्तार कर लिया।

# सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट जरूर अपनाएं : योगेंद्र उपाध्याय

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से हों बैठकें, यात्रा कम करने की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हुए कार्यालय आएं और जाएं, जिससे ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान सुनिश्चित हो सके।

उच्च शिक्षा मंत्री गुरुवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली में भी बदलाव लाने पर बल देते हुए निर्देशित किया कि यह पहल केवल प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाना आवश्यक है।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने घटाया काफिला

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसाधनों की बचत संबंधी आह्वान का समर्थन करते हुए उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने सरकारी काफिले को घटाकर एक वाहन तक सीमित कर दिया है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक ईंधन और विदेशी मुद्रा व्यय को कम करना राष्ट्रहित में जरूरी है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने 20 हजार ठगे

**अमृत विचार, माल :** सीएमओ के चालक पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने 20 हजार ऐंठ लिए। अकबरपुर गांव निवासी तारा शंकर ने बताया कि बीकेटी थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव निवासी चंद्रशेखर ने बेटे मनीष कुमार की सीएमओ के गाड़ी चालक की नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। जाल में फंसाकर 20 रुपये व अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर 15 दिन में नौकरी लगवाने की बात कहकर चला गया। दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने पर जब पीड़ित ने फोन किया तो टालमटोल की। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि जांच की जा रही है।


प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के साथ स्टडी कम कल्चरल टूर कार्यक्रम के तहत मुलाकात करते डीजीपी राजीव कृष्ण। अमृत विचार

# प्रशिक्षु अफसरों को सिखाए महाकुंभ प्रबंधन के गुर

- डीजीपी से मिलने पहुंचे प्रशिक्षु आईपीएस

**अमृत विचार, लखनऊ:** डीजीपी ने गुरुवार को 48वें आईपीएस इंडक्शन प्रशिक्षण कोर्स के 10 प्रशिक्षु अधिकारियों से प्रदेश में प्रस्तावित स्टडी कम कल्चरल टूर कार्यक्रम के अंतर्गत मुलाकात की। प्रशिक्षु अधिकारियों में से चार आंध्र प्रदेश कैडर, दो कर्नाटक कैडर, एक तेलंगाना कैडर, एक मिजोरम कैडर व दो मणिपुर कैडर के अधिकारी थे।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि वर्तमान समय में "प्रो-एक्टिव पुलिसिंग" की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल घटना होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराध एवं अव्यवस्था की संभावनाओं को पूर्व में चिन्हित कर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना होना चाहिए। इसके लिए तकनीकी संसाधनों, इंटेलिजेंस इनपुट, सामुदायिक सहभागिता एवं सतत संवाद का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशील, जवाबदेह एवं त्वरित पुलिसिंग की दिशा में कार्य करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ-2025 के दौरान की गई अचूक पुलिस व्यवस्थाओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न कार्यप्रणालियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा पुलिस महानिदेशक के साथ अपने अनुभव साझा किये। प्रयागराज महाकुंभ-2025 के आयोजन के दौरान यूपी पुलिस द्वारा की गई व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संक्षेप में ब्रीफ किया।

**उपलब्धि** | योगी सरकार का दावा, 9 साल में 3.21 लाख करोड़ का भुगतान

# गन्ना क्षेत्र में 10 लाख लोगों को मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी का 48 लाख किसानों मिला सीधा लाभ

**अमृत विचार:** योगी सरकार का दावा है कि मिलों के आधुनिकीकरण व औद्योगिक पुनरुद्धार से 10 लाख से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है। 9 वर्ष से 3.21 लाख करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान समेत लगभग 6924 करोड़ का अतिरिक्त पूंजी निवेश किया गया है।

सरकार के अनुसार, 2007 से 2012 के बीच गन्ना किसानों को 52,131 करोड़ रुपये और 2012 से 2017 के बीच 95,215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, जबकि योगी सरकार ने नौ वर्षों में रिकॉर्ड 3.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। "स्मार्ट गन्ना किसान" और ई-गन्ना ऐप जैसी डिजिटल व्यवस्थाओं से गन्ना सर्वे, कैलेंडरिंग, पर्ची वितरण और भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो गई है। किसानों को मोबाइल पर गन्ना पर्ची और डीबीटी के जरिए सीधे भुगतान मिल रहा है। प्रदेश में वर्ष 2025-26 में 29.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ना खेती की गई है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे



बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य बना हुआ है। यहां 121 चीनी मिलें संचालित हैं, जिन्होंने 877.93 लाख टन गन्ने की पेराई कर 89.68 लाख टन चीनी का उत्पादन किया। यूपी का औसत चीनी परता 10.21 प्रतिशत रहा, जबकि महाराष्ट्र का 9.49 प्रतिशत है।

गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि गन्ना उत्पादन में देश में पहले स्थान के साथ एथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकार के प्रयासों से राज्य में एथेनॉल उत्पादन 188 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। 30 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी का 48 लाख किसान परिवारों को सीधा लाभ मिला। गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया है। ई-गन्ना ऐप, ऑनलाइन सर्वे, पारदर्शी पर्ची वितरण एवं शिकायत निवारण प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को बड़ी राहत व सुविधा प्रदान की है।

# बंद मकान का ताला तोड़ कर लाखों की नकदी व जेवर उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव के दाउदनगर अटल विहार कालोनी में हुई घटना

**अमृत विचार:** मड़ियांव स्थित दाउदनगर अटल विहार कॉलोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की नकदी व जेवर साफ कर दिये। घटना के वक्त परिवार उत्तराखंड गया था। परिवार को पड़ोसियों से चोरी का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमीनाबाद निवासी विनोद कुमार खरे का दाउदनगर में अटल विहार कॉलोनी में मकान है। मकान में उनका बेटा और बहू रहते हैं। उन्होंने बताया कि बेटा और बहू 7 मई को घर में ताला लगाकर केदारनाथ यात्रा पर उत्तराखंड गए थे। सोमवार को मकान का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी बेटे को दी। बेटे से जानकारी पाकर मंगलवार को विनोद घर गए तो मेन गेट पर लगा ताला टूटा था। अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था, अलमारियों के लॉकर टूटे थे। उन्होंने बताया कि चोरी गए कैश और जेवर की सही जानकारी बेटे के आने के बाद हो सकती। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक, रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### मकान में चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के सलेमपुर पतौरा इलाके में निर्माणाधीन मकान से चोरों ने लाखों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित अमित कुमार सिंह ने बताया कि चोरों ने हिल्टी मशीन, एसी के कम्पोनेंट और वायरिंग के तार काटकर चोरी कर लिए। इसके अलावा मकान में काम कर रहे कारीगरों का सामान भी उठा ले गए। घटना 10 मई की देर रात करीब 2 बजे की है। चोरी की पूरी वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# ब्रेक फेल होने से खंभे से भिड़ी स्कूल बस, 50 जिंदगियां बचीं

## छुट्टी होने पर बच्चों और शिक्षिकाओं को घर छोड़ने जा रही थी बस

**टला हादसा**

नवाबगंज, गोंडा



बस से सुरक्षित बाहर निकलते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बे के कटी तिराहे स्थित सोती पुल के पास गुरुवार दोपहर करीब सवा बारह बजे उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब बच्चों से भरी एक स्कूल बस का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित हुई बस सड़क किनारे बिजली के खंभे और दुकान के बीच जाकर फंस गई। बस में 50 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षिकाएं सवार थीं। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गये।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबि क बस तेज रफ्तार में थी और ब्रेक फेल होते ही चालक नियंत्रण खो बैठा। किसी तरह बस रुक तो गई, लेकिन हादसे के तुरंत बाद चालक फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और डरे-सहमे बच्चों को बस से बाहर निकाला गया। यह बस कस्बे के एसएमआई इंटर कॉलेज की बताई जा रही है, जो छुट्टी के बाद बच्चों और शिक्षिकाओं को घर छोड़ने जा रही थी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों को दूसरे वाहन से उनके घर भिजवाया। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। कार्रवाई की जा रही है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिरा पेड़, दो की मौत

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के भेलसर-टिकैतनगर मुख्य मार्ग पर गुरुवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। सटरिंग का सामान लादकर लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अचानक सूखा शीशम का पेड़ गिर पड़ा। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मैदीपुर मोड़ के पास गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे सड़क किनारे खड़ा सूखा शीशम का पेड़ अचानक भरभराकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिर गया। हादसे में खेतासराय निवासी मैकू लाल रावत (55) पुत्र रामदास तथा मंगरौड़ा निवासी विकास (35) पुत्र रामतेज की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक मंगल पुत्र त्रिकू निवासी मंगरौड़ा घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पत्नी की खुदकुशी के नौवें दिन पति ने भी दी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आपस में कहासुनी को लेकर पत्नी के फांसी लगा जान देने के नौवें दिन पति ने भी फंदे से लटककर जान दे दी। उसका शव आम के पेड़ में रस्सी से बने फंदे से लटकता मिला तो कोहराम मच गया। इस घटना से परिजनों व गांव में शोक पसर गया, वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार यह घटना जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रहीमाबाद में गुरुवार की सुबह हुई। मिथुन रावत (22) पुत्र ननकू गुरुवार की सुबह सात बजे घर से निकल गया। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो घर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर मिथुन का शव खेत में लगे आम के पेड़ से बंधी रस्सी के फंदे से लटक रहा था। यह देख परिजनों में हाहाकार मच गया वहीं ग्रामीण इस घटना को देखकर गम में डूब गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की घटना से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि नौ दिन पहले पांच मई को मृतक मिथुन की पत्नी शिवकुमारी ने भी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया जा रहा कि पति मिथुन खरीदी गई पिकप भाड़े पर चलाता था, जिसकी किश्तें नहीं जमा हो सकी थीं। इसी बात को लेकर दोनों में काफी कहासुनी हुई थी।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-34/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 22.05.2026 को 12:00 अपराह्न तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 03:30 बजे अपराह्न निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 16.05.2026 से 22.05.2026 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायित्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य+G.S.T+ स्टेशनरी चार्जे (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Drilling of Tubewells of 1.5 Cusec Capacity under project "1750 R&R State tubewells Project" district-Lucknow, depth 150 Mtr bore size 450mm to 600 mmØ by using Direct/reverse rotary rig Machine work Including drilling of tubewells, digging of pits for storage of water, lowering of recommended M.S. pipe assembly by ensuring verticality of assembly in proper manner, welding of pipe with socket etc. Screening & feeding of pea gravel after lowering of assembly & working bore properly including cost of wages of drilling staff & T&P excluding cost of HSD. (G.S.T Extra 18%) | 300 Mtr (2 No.) | 4.45 | 8910.00 | 3 माह | 225.00+ GST नियमानुसार + 500.00 | "ए" श्रेणी (यॉत्रिक) अथवा उच्च |

नोट- मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण
खण्ड,लखनऊ

UP-251151 दिनांक 13.05.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# बलरामपुर में पूर्व प्रधान की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

● शादी में डीजे बजाने के विवाद ने ले लिया हिंसक रूप

सादुल्लाहनगर, बलरामपुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के परसरामपुर गांव में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद गुरुवार को हिंसक संघर्ष में बदल गया। मारपीट के दौरान अपने मानसिक रूप से कमजोर बेटे को बचाने पहुंचे पूर्व प्रधान एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तेज बहादुर यादव की लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमले में मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार 12 मई को गांव निवासी जयकरन उर्फ पेटबली के यहां बारात विदाई के समय डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। उस समय ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच रंजिश बनी रही। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे स्कॉर्पियो से पहुंचे 10-12 लोगों ने लाठी-डंडों, लोहे की चेन और रॉड से हमला कर दिया। इसी दौरान पूर्व प्रधान का 14 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बेटा उपेंद्र नाथ भीड़ की ओर भागने लगा।

बेटे को बचाने के लिए तेज बहादुर यादव मौके पर पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी निशाना बना लिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से वे घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लाहनगर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर गोंडा रेफर किया गया। गोंडा पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस ने बताया कि आठ आरोपितों के खिलाफ तहरीर मिली है और उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

# राप्ती नदी में नहाने गए दो किशोर डूबे, एक की मौत

**इकौना श्रावस्ती, अमृत विचार:** नवीन मॉडर्न थाना कटरा के ग्राम मलौना खसियारी के माजरा बसंतपुरवा निवासी दो किशोर गुरुवार राप्ती नदी में डूब गए। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने एक किशोर का शव नदी से खोज निकाला, जबकि दूसरे किशोर की तलाश की जा रही है।

मलौना खसियारी मौजा बसंतपुरवा निवासी विक्की उर्फ शिवांश यादव (17) पुत्र विजय बहादुर यादव उर्फ बड़के गांव के ही विकास (12) पुत्र सत्यनारायण यादव सहित अन्य बच्चों व चरवाहों के साथ गुरुवार को राप्ती नदी किनारे मथुरा घाट पुल के पश्चिम श्रावस्ती बलरामपुर सीमा पर भैंस चराने गए थे। धूप अधिक होने के कारण नदी किनारे खेत में पेड़ के नीचे सभी छाया में बैठे थे। इस दौरान विक्की उर्फ शिवांश व विकास राप्ती नदी में नहाने चले गए। नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से दोनों किशोर नदी डूब गए। स्थानीय चरवाहों ने डूब रहे दोनों बालक को देखकर शोर मचाया। जब तक लोग मौके पर पहुंचते दोनों किशोर लापता हो गए। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जय हरी मिश्रा ने स्थानीय गोताखोरों से तलाश शुरू कराया। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने विक्की का शव खोज निकाला। वहीं विकास की तलाश की जा रही है।


न्यायालय-अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) /किराया प्राधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक-478/रीडर/एडीएम (सी0ई0)/2026
दिनांक 08/5/2026
वाद संख्या-डी202510460004225
धारा-21(2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021

श्रीमती गीता पाल
बनाम
श्री मोहम्मद मोहसिन

नियत तिथि 23.05.2026

सम्पत्ति/मकान सं0-63/29बी, अहाता रसूल खाँ, लालकुआँ थाना हुसैनगंज लखनऊ के बावत अं0 धारा-21(2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या 16 वर्ष 2021 के अन्तर्गत इस न्यायालय में उपरोक्त वाद विचाराधीन है। उक्त वाद में विपक्षी श्री मोहम्मद मोहसिन पुत्र मोहम्मद नूह, निवासी-63/29बी, अहाता रसूल खाँ, लालकुआँ लखनऊ, पूर्व निवासी मकान सं0-117/38ख, जम्बूर खाना नियर ओडियन सिनेमा लखनऊ पर नियमानुसार नोटिस तामीला न होने के कारण प्रकाशन कराया जाना है।

अस्तु विपक्षी को सूचित किया जाता है कि यदि विपक्षी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता/चाहती है, तो नियत तिथि दिनांक 23.05.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता/सकती है।

(महेन्द्र पाल सिंह)
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी)/
किराया प्राधिकारी, लखनऊ।



पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **ई निविदा संख्या:- NER-LJN-2026-98, कार्य का नाम:-** NER-LJN डिवीजन 15 स्थानों पर यातायात निरीक्षक कार्यालयों का निर्माण और 46 स्टेशनों पर पैनल कक्ष, विश्राम कक्षों का उन्नयन, स्वीकृत कार्य के अंतर्गत: (1) सुरक्षित रेल संचालन और कर्मचारी पर्यवेक्षण के लिए व्यापक यातायात निरीक्षण और सुरक्षा निगरानी प्रणाली (15 स्टेशन)। (2) पैनल कक्ष, विश्राम कक्ष आदि का उन्नयन (46) स्टेशन), **अनुमानित लागत (₹):-** 65894197.14, **अग्रिम धन (₹):-** 1317900.00, **समापन अवधि:-** 12 माह, **निविदा खुलने की दिनांक:-** 05.06.2026 **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-98 के लिये ई-निविदा दिनांक 05.06.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू-98 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई-निविदा सूचना संख्या 04/ECTC(L)/2026-27

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट- I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट- II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 04- **कार्य का नाम:- यू0पी0 एस0एल0डी0सी0 के एडमिन भवन के द्वितीय तल पर प्रगति इकाई का AI-CMS कार्यालय एवं यू0पी0 एस0एल0डी0सी0 इकाई का आई0टी0 एवं एस0पी0सी0 कार्यालय के जानपदीय कार्य।** कार्य की अनुमानित लागत:- **रू0 78.77 लाख,** कार्यावधि:- 02 माह, उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 15.06.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 16.06.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **''राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'' अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, कक्ष सं. 223 से 226, प्रथम तल, पारेषण भवन, यू.पी.एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। संख्या: 1557-वि.जा.पा.मं.(ल.)/निविदा दिनांक: 14.05.2026**



कार्यालय-अधीक्षक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी।

ई-निविदा सूचना

संख्या- 43/ अधी0रा0कु0प्र0गंज0 / भण्डार पत्रा0 / दिनांक 07.05.2026

राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी पर पैरेन्ट कुक्कुट पक्षियों/बटेरों हेतु विभिन्न प्रकार कुक्कुट आहार की व्यवस्था किए जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्ते पशुपालन विभाग की वेबसाइट www.animalhusb.upsdc.gov.in पर उपलब्ध होगी। सम्बन्धित कुक्कुट आहार का वर्ष 2026-2027 में क्रय हेतु ई-निविदा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम ई-टेण्डर द्वारा submit की जाएगी। टेक्निकल बिड वैध पाए जाने पर ही वित्तीय बिड पर विचार किया जाएगा। दिनांक 26.05.2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य एवं धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट मूल रूप में कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | आहार का नाम | अनुमानित मात्रा | अनुमानित कीमत | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | अर्नेस्ट मनी रू0 | निविदा अवधि | तकनीकी विड खुलने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ड्अल परपज लोइनपुट टेक्नोलॉजी के पैरेन्ट पक्षियों हेतु स्टार्टर आहार | 150 कुन्तल | रू0 54,00,000.00 (रू0 चौवन लाख मात्र) | 8100+ 18% GST (1458.00) Total 9558.00 | 54,500.00 (रू0 चौवन हजार पाँच सौ मात्र) | वित्तीय वर्ष 2026-27 (31.03.2027) तक | 26.05.2026 अपरान्ह 02.30 बजे |
| 2 | ड्अल परपज लोइनपुट टेक्नोलॉजी के पैरेन्ट पक्षियों हेतु ग्रोवर आहार | 250 कुन्तल | | | | | |
| 3 | ड्अल परपज लोइनपुट टेक्नोलॉजी के पैरेन्ट पक्षियों हेतु ब्रीडर आहार | 1200 कुन्तल | | | | | |
| 4 | जपानी बटेर पैरेन्ट हेतु स्टार्टर आहार | 25 कुन्तल | | | | | |
| 5 | जपानी बटेर पैरेन्ट हेतु ब्रीडर आहार | 80 कुन्तल | | | | | |

ई-निविदा की नियत तिथि एवं समय:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आनलाइन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि एवं समय | 16.05.2026 पूर्वान्ह 10.30 बजे से |
| 2. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 16.05.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से |
| 3. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.05.2026 अपरान्ह 05.00 बजे तक |
| 4. | निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य एवं धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट मूल रूप में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.05.2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक |
| 5. | आनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.05.2026 अपरान्ह 02.30 बजे |

(डा0 राकेश कुमार)
अधीक्षक

UP-251155 दिनांक 13.05.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# कालाबाजारी के आरोप में बी-पैक्स सचिव पर मुकदमा

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** उर्वरक की कालाबाजारी और अनियमित वितरण के आरोप में बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड प्यारेपुर सरैया के सचिव के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह कार्रवाई जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर सफदरगंज पुलिस द्वारा की गई। जिला कृषि अधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार, बीती 11 मई को बी-पैक्स प्यारेपुर सरैया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति पर 505 बोरी यूरिया तथा 333 बोरी एनपीके उर्वरक भंडारित मिला। मौके पर समिति परिसर, भंडारण कक्ष और सचिव कक्ष में गंदगी तथा कबूतरों की बीट पाई गई, जिससे समिति के नियमित रूप से न खुलने की आशंका जताई गई। जांच में बिक्री रजिस्टर की प्रति देखने पर पता चला कि अप्रैल माह में समिति केवल तीन दिन ही खोली गई थी। किसानों को उर्वरक वितरण में आधार नंबर, मोबाइल नंबर और खतौनी विवरण अंकित नहीं पाए गए। अधिकांश किसानों को समान रूप से चार-चार बोरी उर्वरक वितरण दर्ज किया गया था।

# हिस्ट्रीशीटर ने सिर में गोली मारकर दी जान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के पलहीपुर गांव में गुरुवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब 26 वर्षीय देवी प्रसाद यादव उर्फ राणा यादव ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घर के बगल स्थित बाग में युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और गांव में शोक का माहौल फैल गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि राणा यादव लंबे समय से पेट की गंभीर बीमारी से परेशान था, जिसके चलते वह मानसिक तनाव और अवसाद में चल रहा था। मृतक अविवाहित था, जबकि उसका बड़ा भाई शीतला प्रसाद यादव होमगार्ड के पद पर तैनात है। मामले में सौरभ सावंत ने बताया कि मृतक हिस्ट्रीशीटर था। घटनास्थल से 32 बोर की पिस्टल और खाली मैगजीन बरामद हुई है। पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। प्रारंभिक जांच में अवसाद के चलते आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक ने जिस तमंचे से खुद को गोली मारी, वह अवैध था।

ऐसे में चर्चा तेज हो गई है कि कई मामलों में वांछित रह चुका और दो-तीन बार जेल जा चुका राणा यादव आखिर अवैध हथियार तक कैसे पहुंचा।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अनूया देवी से बदलकर बन्दना यादव रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाये। बन्दना यादव, पत्नी श्री हरविलाश सिंह, निवासी-75, नागला लच्छी, उसराहर, इटावा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं MOBINA से अपना नाम बदलकर MUBEENA रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वह पहचान जाए पत्नी NAZEER KHAN कटरा मोहल्ला बिजनौर लखनऊ।

**सूचना**

मेरा नाम मुदित अग्रवाल था से अब उदित अग्रवाल हो गया है। अब मुझे उदित अग्रवाल के नाम से जाना जाएगा। **उदित अग्रवाल S/O- संजय अग्रवाल पता-410 नवल किशोर रोड हजरतगंज लखनऊ उ0प्र0।**

**सूचना**

मैं, रईस जहाँ पत्नी मतीनुर रहमान, निवासी म. नं0-155/324, महेश प्रसाद स्ट्रीट, मौलवीगंज, अमीनाबाद पार्क एस0ओ0, लखनऊ, किसी वैध अधिकार के कब्जा किये हुए हैं तथा भविष्य में अनावश्यक दावा कर सकते है इसलिए सर्वसाधारणों को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद फैज मिर्जा एवं उनकी पत्नी नायमा खान ओर पुत्री अजीम खान को अपने मकान/ सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा किसी प्रकार का दावा या विवाद उत्पन्न किया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उन्हीं की होगी मेरा और मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MAHBOOB था जिसे बदलकर MAHBOOB ALI रख लिया हैं। अब मुझे MAHBOOB ALI के नामसे जाना व पहचाना जाये। **S/O Bhajju Address - Near Pati Maszid, 496, Mohammad Zai, Shahjahnpur, Pin-242001**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम VINAY KUMAR था जिसे बदलकर VINAY KUMAR SRIVASTAVA रख लिया है। अब मुझे VINAY KUMAR SRIVASTAVA के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SHIV SAHAI LAL ADD-B2/802 PARIJAT APARTMENT, VIKRANT KHAND, GOMTI NAGAR DIST - LUCKNOW - 226010 (U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम सर्वेश कुमार दर्ज था, जो आधार अपग्रेडेशन के बाद सर्वेश कुमार मिश्रा हो गया है। अत: दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। **सर्वेश कुमार मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा, ग्रा0- दौली, पो0- मलवा अखबेलपुर, हरदोई (उ0प्र0)- 241001, मो0: 6386145191**

**सूचना**

मैं, राममनोरथ पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम सरैया मजरे सलारपुर, थाना देवा, जनपद बाराबंकी, अपनी पुत्री मांसी उम्र लगभग 20 वर्ष को उसके गलत आचरण एवं परिवार की इच्छा के विरुद्ध कार्य करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति एवं पारिवारिक संबंधों से बेदखल करता हूँ आज के बाद उसके द्वारा किए गये किसी भी कार्य की समस्त जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी। उससे मेरे अथवा मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं रहेगा।

**सूचना**

मैने अपना नाम शाइनीला फातिमा से बदल कर शहनीला फातिमा पुत्री श्री मोहम्मद अनसार अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **शहनीला फातिमा पुत्री श्री मोहम्मद अंसार अहमद प्लाट न0-31 एम, ततार पुर, नया विभाग-ई, अलीगंज, लखनऊ - 226024**


# जननायक एक्सप्रेस से सात किशोर बरामद

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बुढ़वल की टीम ने गुरुवार को जननायक एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 15211) से सात बालकों को बरामद किया, जो बिना अभिभावकों के पंजाब और जम्मू जाने के लिए यात्रा कर रहे थे। बच्चों के बाल मजदूरी में फंसने की आशंका पर उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन को सुपुर्द कर दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में उपनिरीक्षक जसवीर सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, सहायक उपनिरीक्षक रामबाबू तथा संवाद सामाजिक संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर आलोक मिश्रा ने संयुक्त कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रेन में कुछ बच्चे डरे-सहमे हालत में अकेले सफर कर रहे हैं और उन्हें गंतव्य की सही जानकारी भी नहीं है। ट्रेन के बुढ़वल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर पहुंचने पर जांच की गई। कोच संख्या 255602 से चार और कोच संख्या 255580 से तीन बच्चे मिले। पूछताछ में सभी बच्चों ने बताया कि वे काम की तलाश में घर से पंजाब और जम्मू जा रहे थे। बरामद बच्चों में बिहार के बेतिया, सुपौल और मोतिहारी जिलों के रहने वाले किशोर शामिल हैं, जिनकी उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच बताई गई। आरपीएफ ने किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को ट्रेन से उतार लिया।बाद में फर्द सुपुर्दगीनामा तैयार कर सभी सातों बच्चों को काउंसिलिंग और अग्रिम कार्रवाई के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर रोहित वर्मा को सौंप दिया गया।

# उम्रकैद की सजा काट रहे कांग्रेस पूर्व नगर अध्यक्ष की इलाज के दौरान मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट क्षेत्र के नरेन्द्र अवस्थी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष व पूर्व पालिका उपाध्यक्ष दीप नारायण शुक्ला की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वह फतेहगढ़ जेल में बंद थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल फिर कानपुर के कॉर्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। 1 मई 2013 की शाम नरेन्द्र अवस्थी की हत्या कर दी गई थी। मृतक के बेटे कन्हैया अवस्थी की तहरीर पर पूर्व प्रधान अनीता चतुर्वेदी, दीप नारायण शुक्ला, अमित द्विवेदी, गंगा प्रसाद, महेश व राजन के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जबकि पूर्व प्रधान वीरेन्द्र चतुर्वेदी को साजिशकर्ता बताया गया था। उन्नाव की एडीजे प्रथम कोर्ट में लंबी सुनवाई के बाद वीरेन्द्र चतुर्वेदी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। जबकि अन्य 6 आरोपियों को 12 जनवरी 2024 को उम्रकैद के आदेश हुए थे। इधर, दीप नारायण शुक्ला की तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उन्हें कानपुर रेफर किया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।


कार्यालय समुचित सरकार/जिला कलेक्टर, अयोध्या।

संख्या 1587/वि0भू0अ0अ0/2026 दिनांक 13 मई 2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के विस्तारीकरण हेतु तहसील सदर के प्रभावित ग्राम कुढ़ाकेशवपुर उपरहार की 0.024898 हे0 निजी भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भूमि के अर्जन से पूर्व भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 की धारा-4 के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट व सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना नामित एजेन्सी निदेशक, एटलस मैनेजमेन्ट कंसलटेंसी सर्विसेस, प्रा0लि0, लखनऊ द्वारा तैयार की गई है।

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 की धारा-5 तथा भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली-2016 के नियम-7(1) के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण (Social Impact Assessment) रिपोर्ट व सामाजिक समाघत प्रबन्ध योजना पर जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 11.05.2026 के अन्तर्गत निम्नांकित अधिकारी द्वारा नियत स्थान, दिनांक व समय पर लोक सुनवाई की जायेगी:-

| क्र0 सं0 | लोक सुनवायी हेतु नामित अधिकारी का नाम व पदनाम | ग्राम का नाम | लोक सुनवायी का स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री अरविन्द कुमार, उपजिलाधिकारी, सदर | कुढ़ाकेशवपुर उपरहार | तहसील सदर सभागार | 25.05.2026 | पूर्वान्ह 11.00 बजे |

उपरोक्तानुसार अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सामाजिक समाघात आकलन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर यदि कोई आपत्ति/सुझाव है, तो वह इसे नियत तिथि/समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

(अमित कुमार भट्ट)
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
अयोध्या।

UP-251169 दिनांक 13.05.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# आधार कार्ड उम्र का विश्वसनीय प्रमाण नहीं

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़िता की आयु-निर्धारण को लेकर उठे विवाद पर सुनवाई करते किया स्पष्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वेच्छा से विवाह करने के एक मामले में पीड़िता की आयु-निर्धारण को लेकर उठे विवाद पर विचार करते हुए स्पष्ट किया कि आधार कार्ड किसी व्यक्ति की जन्मतिथि का विश्वसनीय प्रमाण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह प्रायः धारक की स्व-घोषणा के आधार पर जारी किया जाता है और इसमें जन्मतिथि की शुद्धता सुनिश्चित करने वाली कठोर दस्तावेजी प्रक्रिया नहीं अपनाई जाती। यह आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने श्रीमती कोमल एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचियों का दावा है कि याची बालिग है और अपनी इच्छा से उनके साथ रह रही है, जबकि राज्य अथवा परिजनों की ओर से उसे नाबालिग बताया जा रहा था। कोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में कौशांबी जिले के सरसावा ब्लाक स्थित कंपोजिट विद्यालय, महेवाघाट के प्रधानाचार्य न्यायालय में प्रवेश और उपस्थिति रजिस्टर लेकर प्रस्तुत हुए, जिसमें याची की जन्मतिथि 12 नवंबर 2010 दर्ज थी। जब कोर्ट ने जन्मतिथि के आधार के संबंध में पूछताछ की, तब प्रधानाचार्य ने आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत की। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 94(2) के अनुसार आयु निर्धारण के लिए सबसे पहले हाईस्कूल प्रमाणपत्र को महत्व दिया जाता है। इसके अभाव में नगर निगम अथवा पंचायत द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र या फिर वैज्ञानिक चिकित्सा परीक्षण के माध्यम से ही आयु-निर्धारण मान्य है।

### सार्वजनिक मंदिर की संपत्ति पर निजी स्वामित्व का दावा गलत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक मंदिरों के प्रबंधन से जुड़े विवादों में वाद दाखिल करने की अनुमति से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि किसी मंदिर का सार्वजनिक स्वरूप निर्विवाद हो और उसके प्रबंधन को लेकर विवाद उठे, तो ऐसे मामलों में सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 92 के तहत वाद दायर करने की अनुमति रोकी नहीं जा सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल शाहिद की एकलपीठ ने रामचंद्र जी महाराज विराजमान मंदिर रामपाल व अन्य की ओर से दाखिल प्रथम अपील स्वीकार करते हुए पारित किया। अपीलकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि इटावा जिले के अहेरीपुर स्थित प्राचीन श्री रामचंद्र जी महाराज मंदिर सार्वजनिक धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। अपीलकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंदिर की संपत्तियों पर निजी स्वामित्व जताकर उन्हें बेचने की कोशिश की जा रही है, इसलिए मंदिर के संरक्षण और प्रशासन के लिए प्रबंधन समिति गठित किया जाना आवश्यक है।

### अभियुक्त से बचाव का अधिकार मनमाने ढंग से छीना नहीं जा सकता

**विधि संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि सत्र परीक्षण में आरोपी द्वारा अपने बचाव में साक्ष्य प्रस्तुत करने और गवाह बुलाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई का मूल तत्व है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 233 के तहत बचाव पक्ष के गवाहों को तलब करने का आवेदन तभी खारिज किया जा सकता है, जब वह उत्पीड़न या अनावश्यक विलंब की दृष्टि से दिया गया हो। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने इंदरपाल सिंह की बीएनएसएस की धारा 528 के तहत दाखिल याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया। याची के खिलाफ पुलिस स्टेशन स्वार, रामपुर में आईपीसी और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। याची का दावा है कि घटना 26 जुलाई 2016 की रात की बताई गई है, जबकि उसी दिन वह भारत से बैंकॉक के लिए रवाना हो गया था। पासपोर्ट पर दर्ज इमिग्रेशन एंट्री तथा थाईलैंड में खरीदारी से संबंधित रसीदें उसके विदेश में होने की पुष्टि करती हैं, लेकिन इसके बावजूद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि बाद में उसे जमानत मिल गई। अभियोजन पक्ष के नौ गवाहों की गवाही पूरी होने और सीआरपीसी की धारा 313 के तहत बयान दर्ज होने के बाद याची ने 21 अप्रैल 2025 को आवेदन देकर पासपोर्ट कार्यालय, देहरादून तथा ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के अधिकारियों को बचाव पक्ष के गवाह के रूप में तलब करने की मांग की थी, जिसे ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दिया।

### बिना तथ्यों की गंभीर जांच किए कोर्ट को निर्देश भेजना गंभीर लापरवाही

**विधि संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सेवा मामले पर सुनवाई करते हुए पाया कि किसी भी मामले में तथ्यों की समुचित जांच-पड़ताल किए बिना कोर्ट को निर्देश भेजना उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के दायित्व के अनुरूप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने बेसिक शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा बिना पर्याप्त परीक्षण के निर्देश अग्रसारित किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें व्यक्तिगत रूप से तलब कर लिया। कोर्ट ने माना कि ऐसे वरिष्ठ अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वह अधीनस्थ अधिकारियों की सहायता से संपूर्ण अभिलेखों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करें, लेकिन मौजूदा मामले से प्रतीत होता है कि कोई गंभीर और परिश्रमी प्रयास नहीं किया जा रहा है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने सुशील कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची का दावा है कि उसके द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाणपत्र वैध है, जबकि राज्य की ओर से कोर्ट को दिए गए निर्देशों में कहा गया कि संबंधित प्रमाणपत्र का उल्लेख डिस्पैच रजिस्टर में नहीं मिला तथा तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उस पर अपने हस्ताक्षर होने से इनकार किया है। याची की ओर से तर्क दिया गया कि केवल इस आधार पर किसी दस्तावेज को फर्जी नहीं माना जा सकता कि उसका उल्लेख डिस्पैच रजिस्टर में नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि राज्य सरकार की ओर से भेजे गए निर्देश अधूरे और लापरवाहीपूर्ण हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन में डंपर और जेसीबी सीज

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र ढेबरूआ के सिसवा उर्फ शिवभारी गांव में बुधवार को राजस्व टीम के पहुंचने पर जेसीबी व डंपर को मौके से पकड़कर सीज कर दिया। बुधवार की शाम लगभग 5 बजे ढेबरुआ थाना क्षेत्र के सिसवा उर्फ शिवभारी में अवैध खनन की सूचना पर उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द मिश्रा ने तहसीलदार शोहरतगढ़ प्रकाश सिंह यादव को मौके पर भेजा। तहसीलदार ने अपने टीम के साथ ढेबरुआ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर अवैध खनन की सूचना पर जेसीबी व डम्फर चालक मौके से भाग खड़े हुए, तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव ने दोनों वाहन को सीज कर थाना ढेबरुआ को सौंपा दिया और दोनों वाहनों को तहसीलदार ने सीज कर दिया।

### जनगणना ट्रेनिंग से गैरहाजिर शिक्षिका से मांगा स्पष्टीकरण

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने यूपीएस मगहर कम्पोजिट में तैनात सहायक अध्यापक अंजुम आरा से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्हें दो दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। बीएसए के मुताबिक नगर पंचायत मगहर के अधिशाषी अधिकारी की ओर से भेजे गए पत्र में बताया गया कि 24 अप्रैल 2026 को प्रभा देवी महाविद्यालय, खलीलाबाद में प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण की सूचना पहले ही संबंधित कर्मियों को दे दी गई थी, लेकिन शिक्षिका प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुईं।

# रोडवेज बस और ट्रेलर की भिड़ंत में चालक और परिचालक समेत 16 लोग हुए घायल

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर हनुमान मंदिर के पास गुरुवार को रोडवेज बस और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बस के चालक, परिचालक समेत 16 यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मगहर पुलिस को एक बाइक सवार ने सूचना दी कि रसूलाबाद हनुमान मंदिर के पास पेट्रोल पंप वाली लेन पर रोडवेज बस और ट्रेलर में भिड़ंत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजवाया गया। मगहर चौकी प्रभारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि कई लोगों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हुआ है। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को सड़क किनारे हटवाकर ट्रेलर को चौकी परिसर में खड़ा कराया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। जबकि, ट्रेलर को कब्जे में लेकर मगहर चौकी पर भेजवाया गया है।

# सपा सांसद की अभद्र टिप्पणी पर भाजपाई नाराज

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हमीरपुर के सपा सांसद द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। नाराज भाजपाइयों ने विपक्षी दलों पर राजनीतिक मर्यादा तोड़ने का भी आरोप लगाया। साथ ही डीएम आलोक कुमार को ज्ञापन सौंपकर सपा सांसद से माफी मांगने और उनके खिलाफ संवैधानिक कार्यवाही की मांग की।



कलेक्ट्रेट में डीएम आलोक कुमार को ज्ञापन देतीं भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य।

प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नीतू सिंह और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला सुनीता अग्रहरि ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्रीमती नीतू सिंह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं और उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की अभद्र या अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता अग्रहरि ने विपक्षी दलों पर राजनीतिक मर्यादा लांघने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयानबाजी लोकतांत्रिक मूल्यों और स्वस्थ राजनीति के विरुद्ध है।

# विशेष गाड़ी की संचलन अवधि का विस्तार

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा के लिए 09075/09076 मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 01 फेरे के लिए किया गया है। फलस्वरूप यह गाड़ी मुम्बई सेण्ट्रल से 20 मई को तथा काठगोदाम से 21 मई किया जायेगा। 09075 मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी 20 मई को मुम्बई सेण्ट्रल से 10.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 14.30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी 21 मई को काठगोदाम से 17.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 21.00 बजे मुम्बई सेण्ट्रल पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा जी.एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

### ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए 09157/09158 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर-बोरीवली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन बान्द्रा टर्मिनस से 17 मई को तथा गोरखपुर से 18 मई को किया जायेगा। 09157 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 17 मई को बान्द्रा टर्मिनस से 00 .30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 17 .30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09158 गोरखपुर-बोरीवली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 18 मई को गोरखपुर से 20 .30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन बोरीवली 11 .30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 13, एल .एस .एल .आर .डी . का 01 तथा जनरेटर से लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### सवारी गाड़ी का ठहराव किया गया रद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पिपराइच एवं उनौला स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलाक/नान इंटरलाक कार्य किये जाने के कारण 8 जून तक चलने वाली 55047 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी, 75105 थावे-नकहा जंगल डेमू गाड़ी, 55039 नरकटियागंज-बढ़नी सवारी गाड़ी एवं 55095 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी का ठहराव पिपराइच एवं उनौला स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

### 20 मई को गाड़ी का रहेगा मार्ग परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के सालावास-बासनी-भगत की कोठी खंड पर आटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग स्थापित किये जाने हेतु नान इंटरलाकिंग कार्य किये जाने के कारण काठगोदाम से 20 मई को चलने वाली 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग फुलेरा-अजमेर-मड़वाड़-लूनी-भगत की कोठी-जोधपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-डेगाना-मेड़ता रोड-जोधपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड स्टेशनों पर दिया जायेगा।

# परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर लिया जायजा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, एवं संबद्ध महाविद्यालयों के पांच जनपदों में संचालित सम सेमेस्टर स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की विशेष निरीक्षण टीम द्वारा महाराजगंज जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव के नेतृत्व में गठित टीम में डॉ. रविकांत शुक्ला एवं डॉ. देवबक्स सिंह सम्मिलित रहे। टीम ने महाराजगंज स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्था, पारदर्शिता एवं नकलविहीन परीक्षा संचालन का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र राजेंद्र प्रसाद ताराचंद महाविद्यालय निचलौल महाराजगंज, जहां मनु लॉ कॉलेज महाराजगंज के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे थे, द्वितीय पाली की परीक्षा में निरीक्षण टीम द्वारा मनु लॉ कॉलेज के 05 विद्यार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। संबंधित विद्यार्थियों को अनुचित साधन प्रयोग (यूएफएम) के अंतर्गत वांछित किया गया।

इसी प्रकार परीक्षा केंद्र डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय महाराजगंज , जहां रामरेखा राय विधि महाविद्यालय महाराजगंज के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे थे, वहां भी 18 विद्यार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। सभी संबंधित परीक्षार्थियों के विरुद्ध अनुचित साधन प्रयोग की कार्यवाही की गई।परीक्षा नियंत्रक ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।



परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करते विशेष टीम के सदस्य।

# काम पर जाते समय मिक्सर मशीन से गिरा मजदूर, मौत

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा थाना क्षेत्र के गौवापार मार्ग पर निजी हॉस्पिटल के पास गुरुवार को मिक्सर मशीन से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। धनघटा क्षेत्र के बछईपुर गांव के रहने वाले झिनक प्रसाद (50) मजदूरी करते थे। गुरुवार को वह अपने साथियों के साथ मिक्सर मशीन पर बैठकर छत की ढलाई करने पौली की ओर जा रहे थे। बछईपुर- पौली मार्ग पर स्थित निजी हॉस्पिटल के सामने झिनक अचानक नीचे गिरे और मिक्सर मशीन की चपेट आकर घायल हो गए। घटना के बाद साथी मजदूर उन्हें सीएचसी मलौली ले गए । जहां, से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर देखते ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसएसआई प्रमोद यादव ने बताया कि जिला अस्पताल से सूचना मिली है। सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया गया।



झिनक प्रसाद की फाइल फोटो।

# आपसी सहमति से होगा समस्याओं का समाधान

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के साथ आल इण्डिया एस.सी./एस.टी. रेलवेइम्प्लॉइज एसोसियेशन, पूर्वोत्तर रेलवे की अनौपचारिक बैठक गुरुवार को महाप्रबन्धक सभाकक्ष, गोरखपुर में आयोजित हुई। बैठक में अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ रेल अधिकारी तथा आल इण्डिया एस.सी./एस.टी. रेलवे इम्प्लॉइज एसोसियेशन, पूर्वोत्तर रेलवे के पदाधिकारी उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर।

महाप्रबन्धक ने कहा कि रेलवे में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए यूनियन एवं एसोसिएशन के साथ नियमित अन्तराल पर वार्ता के लिए तंत्र विकसित किया गया है। इसी क्रम में आज हम जो कर्मचारियों की समस्याएं हैं, उन पर ऑल इण्डिया एस.सी/एस.टी.रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन के साथ अनौपचारिक वार्ता कर रहे हैं, जिनका समाधान आपसी सहमति से किया जायेगा। इस प्रकार की वार्ता के नियमित अन्तराल पर की जाती है, जिससे कि कर्मचारियों की समस्याओं का समय से निदान किया जा सके। महाप्रबन्धक ने एसोसिएशन में महिला सदस्य भी बनाने की सलाह दी। महाप्रबन्धक ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सरकारी कर्मचारियों के लिये सीधी भर्ती एवं पदोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके लिये सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के अलग-अलग रोस्टर जारी किये गये हैं। मेरी सभी से यह अपेक्षा है कि रोस्टर के प्रावधानों का एवं आरक्षण के नियमों का अक्षरषः पालन सुनिश्चित करें। व्यक्तिगत रूप से मेरा यह अनुभव रहा है कि प्रषासनिक कार्यों में एससी/एसटी एसोसियेषन का भरपूर सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे में वर्तमान में 59038 स्वीकृत पदों के विरूद्ध 47098 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसमें अनुसूचित जाति के कुल 8304 एवं अनुसूचित जनजाति के 2880 कर्मचारी शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेलेक्षन, सुटेबिलिटी एवं टेड टेस्ट के द्वारा अब तक कुल 3211 कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है, जिसमें अनुसूचित जाति के 398 एवं अनुसूचित जनजाति के 96 कर्मचारी उपस्थित हैं।

# 96.6 फीसदी अंक हासिल कर वेदांशी ने बढ़ाया गौरव

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत शोहरतगढ़. कस्बा निवासी प्रतिभाशाली छात्रा वेदांशी मित्तल ने सीबीएसई बोर्ड की इन्टरमीडिएट परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह सफलता सीबीएसई बोर्ड ऑफ इन्टरमीडिएट एजुकेशन, उत्तर प्रदेश से हासिल की है।

नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बा निवासी एवं वरिष्ठ व्यवसायी राधेश्याम मित्तल उर्फ बबलू मित्तल की सुपुत्री वेदांशी मित्तल जो विराज खण्ड गोमती नगर में स्थित स्कूल से सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 96.6% अंक प्राप्त कर परिवार, रिश्तेदार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनकी इस सफलता पर उनके बड़े पिताजी मनोज मित्तल ने बताया कि पुत्री वेदांशी मित्तल ने काफी लगन और मेहनत से पढ़ाई की, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल व उनके पति नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि पुत्री वेदांशी मित्तल ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



छात्रा वेदांशी मित्तल।

**बैठक** | सीएम डैशबोर्ड, ई-ऑफिस कार्य प्रगति एवं उप्र रोजगार मिशन की समीक्षा कर डीएम ने कहा

# शत-प्रतिशत लाभार्थियों को दें योजना का लाभ

संवाददाता, कुशीनगर



बैठक करते जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर सहित अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यक्रमों के माह अप्रैल, 2026 की मासिक समीक्षा बैठक, ई-ऑफिस कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक तथा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर कम रैंकिंग वाले विभागों की एक-एक कर गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग से अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर वास्तविक स्थिति की समीक्षा की। पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत जनपद को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं समयबद्ध निर्देश देते हुए कहा कि इस माह में शत-प्रतिशत लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करते हुए लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि योजना के प्रचार-प्रसार एवं लाभार्थियों की पहचान हेतु जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विशेष अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की की समीक्षा अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत लम्बित भुगतान के सम्बंध में शीघ्र भुगतान किए जाने का निर्देश दिए। कहा कि आईसीडीएस, एनआरएलएम एवं जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं सीधे तौर पर आमजन से जुड़ी हैं, इनमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर समय से डाटा अपलोड सुनिश्चित किया जाए।

### स्पीड ब्रेकर को लेकर आईजीआरएस पर दर्ज कराई शिकायत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बांसी तहसील अन्तर्गत मालीजोत-रेहरा मार्ग स्थित संग्रामपुर के पास अवैध रूप से मानक विपरीत रोड़ पर स्पीड ब्रेकर लगाया जाने से सड़क की सुन्दरता एवं सुलभ यात्रा पर ग्रहण लग गया है। मालीजोत-रेहरा का बहुत सुन्दर और खूबसूरत रोड़ लगभग 02 किलोमीटर का सड़क है, जिस से हजारों यात्री रोजाना यात्रा करते हैं। मालीजोत-रेहरा मार्ग पर संग्रामपुर के पास स्पीड ब्रेकर राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा रही है और काफी परेशानी का सामना कर लोग यात्रा कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रोड़ पर मनमानी तरीके से स्पीड ब्रेकर से राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

# पौधों के संरक्षण पर दें विशेष ध्यान

- डीएम ने पौधरोपण अभियान तैयारियों के संबंध में की बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में आगामी वृक्षारोपण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं डी एफ ओ नीला एम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण सुनिश्चित करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग द्वारा नर्सरियों में उपलब्ध पौधों, गड्ढा खुदाई, पौध वितरण एवं रोपण स्थलों की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, सड़क किनारे, सरकारी कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए तथा स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को भी इस अभियान से जोड़ा जाए।



बैठक करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई हवाई अड्डे पर 5.70 करोड़ के हीरे की तस्करी में दो गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों को हिरासत में लिया और उनके पास से 5.70 करोड़ रुपये के हीरे बरामद किए। एक अधिकारी ने बताया कि ये हीरे आरोपियों ने अपने शरीर में छिपाए थे। दोनों आरोपी हीरे की बैंकॉक में तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़े जाने के बाद, दोनों यात्रियों ने जांचकर्ताओं को बताया कि उन्होंने अपने शरीर के अंदर दो कैप्सूल छिपाए हैं। उन्होंने बताया कि बाद में यात्रियों ने कैप्सूल निकाले, जिससे 1,624 कैरेट के हीरे बरामद हुए। हीरे की कीमत लगभग 5.70 करोड़ रुपये है। डीआरआई ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### तेजस्वी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया जमानत पर छूटे

**पटना।** कोरोना काल में प्रतिबंधों का उल्लंघन कर प्रदर्शन करने के मामले में गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव समेत चार अभियुक्तों ने पटना की एक विशेष अदालत में आत्म समर्पण किया, जहां उन्हें जमानत पर मुक्त कर दिया गया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत में तेजस्वी यादव, आलोक कुमार मेहता, सोहेल उर्फ साहेब और शक्ति सिंह यादव ने आत्मसमर्पण करने के साथ जमानत पर रिहा करने की प्रार्थना की थी। वर्ष 2020 में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोप था कि पांच दिसंबर 2020 को कोरोना काल के दौरान गांधी मैदान के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में राजद, कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने धरना प्रदर्शन किया था।

### मप्र : पटाखा कारखाने में विस्फोट से पांच मजदूरों की मौत

**देवास।** मध्यप्रदेश के देवास जिले में बृहस्पतिवार को पटाखा कारखाने में धमाके में बुरी तरह झुलसे दो और मजदूरों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जबकि 23 श्रमिकों का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने बताया, देवास के एक निजी अस्पताल में भर्ती दो मजदूरों ने दम तोड़ दिया। टोंक कलां क्षेत्र में संचालित पटाखा कारखाने के लाइसेंसी मालिक अनिल मालवीय को सख्त प्रावधानों वाले राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक मालवीय के नाम जारी पटाखा लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया है।

# सीबीआई को शक, एनटीए के भी कई अधिकारी नीट यूजी पेपर लीक मामले में शामिल

## दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार, बुधवार को गिरफ्तार पांच आरोपियों को कोर्ट ने सात दिन के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह भी बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य संगठनों के कई उन अधिकारियों की भूमिका जांच के दायरे में है, जिनकी पहुंच उस प्रिंटिंग प्रेस तक थी जहां प्रश्नपत्रों की छपाई की गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से धनंजय लोखंड और पुणे से मनीषा वाघमारे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मामले में पिछले 24 घंटे के दौरान देश भर में 14 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया है। सीबीआई उस लीक के स्रोत की पहचान करने पर ध्यान दे रही है, जिसके कारण स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक लाखों अभ्यार्थियों को भारी निराशा हुई है। उन्होंने बताया कि अबतक की सीबीआई के मुताबिक इस प्रश्नपत्र लीक कांड में सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता से इन्कार नहीं किया जा सकता है। सीबीआई ने राजस्थान के जयपुर से तीन आरोपियों मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल को गिरफ्तार किया था। इनके अलावा हरियाणा के गुरुग्राम से यश यादव को और महाराष्ट्र के नासिक से शुभम खैरनार को पकड़ा गया था।

इस बीच, सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार सभी पांच आरोपियों को पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को सीबीआई की सात दिन की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने इस दौरान यह टिप्पणी भी की कि आरोपों से संकेत मिलता है कि परीक्षा के गोपनीय प्रश्न पत्रों को लीक करने और आर्थिक लाभ के लिए प्रसारित करने में एक संगठित गिरोह की भूमिका थी। संघीय एजेंसी ने यश यादव, मांगीलाल खटीक, विकास बिवाल, दिनेश बिवाल और शुभम मधुकर खैरनार को बुधवार को अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया था।



नीट यूजी पेपर लीक मामले में बृहस्पतिवार को भी दिल्ली में कई छात्र संगठनों ने प्रदर्शन किया।

### देश भर में प्रदर्शन... इस्तीफा दें प्रधान, माफी मांगें प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में छात्रों और संगठनों ने पेपर लीक के कारण नीट यूजी रद्द किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी (आप) के छात्र संगठन ''एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स'' (एएसएपी) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एएसएपी के एक सदस्य ने कहा, भाजपा के सत्ता में आने के बाद से चौथी या पांचवीं बार पेपर लीक हुआ है। वे छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर शिक्षा माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया, जिसके कारण बार-बार प्रश्नपत्र लीक हो रहे। एक अन्य सदस्य ने कहा, हमारी मांग है कि शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छात्रों से माफी मांगें। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ द्वारा दोपहर में जंतर-मंतर पर आहूत विरोध प्रदर्शन में कई छात्र संगठनों ने भाग लिया। छात्रों ने केंद्रीय मंत्री को बर्खास्त करो, नीट पेपर लीक में शामिल लोगों को कड़ा दंड दो, जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। आईसा ने मांग की कि पूरे पेपर लीक गिरोह और उसके मुख्य एजेंट, एनटीए को बंद किया जाए।

### आईआईएम-अहमदाबाद के बाहर प्रधान को दिखाए काले झंडे

**अहमदाबाद।** कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को यहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और काले झंडे लहराते हुए नीट-यूजी 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर उनके इस्तीफे की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन आईआईएम-अहमदाबाद के परिसर के बाहर हुआ, जहां प्रधान भारतीय प्रबंध संस्थानों के समन्वय मंच की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पहुंचे थे। कांग्रेस की गुजरात इकाई के प्रवक्ता पार्थिवराजसिंह कथवाडिया ने कहा, हम मांग करते हैं कि प्रधान प्रश्नपत्र लीक की जिम्मेदारी लें और तत्काल इस्तीफा दें। इस बीच बृहस्पतिवार को भी देश के कई और राज्यों में नीट यूजी पेपर लीक के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किए।

# सरकार के पक्ष में नियुक्त होने हैं चुनाव आयुक्त तो पैनल में नेता विपक्ष को रखने का दिखावा क्यों

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कड़ा सवाल- निष्पक्षता रखने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया में कोई स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति प्रक्रिया में स्वतंत्रता का दिखावा करने को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। न्यायालय ने टिप्पणी की कि तीन सदस्यीय चयन पैनल में प्रधानमंत्री के साथ एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति से विपक्ष के नेता की भूमिका महज औपचारिकता या दिखावटी रह जाती है। अदालत ने कहा कि अगर हमेशा निर्णय सरकार के पक्ष में 2:1 के बहुमत से ही होने हैं तो पैनल में विपक्ष के नेता को शामिल करने का औचित्य ही क्या है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता केवल उसके वास्तविक कामकाज में ही नहीं बल्कि जनता की धारणा में भी दिखनी चाहिए। पीठ ने कहा, आयोग का केवल स्वतंत्र होना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे स्वतंत्र दिखना भी चाहिए। शीर्ष अदालत की यह तल्ख टिप्पणियां



''मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यावधि) अधिनियम, 2023'' की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान आईं।

प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री की ओर से नामित एक कैबिनेट मंत्री वाले चयन पैनल के गठन पर सवाल उठाते हुए पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में वास्तव में किसी भी स्वतंत्र सदस्य को शामिल नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति दत्ता ने उल्लेख किया कि सीबीआई निदेशक की नियुक्ति में भी मुख्य न्यायाधीश चयन पैनल का हिस्सा होते हैं, जबकि सीबीआई मुख्य रूप से आपराधिक जांच और कानून के शासन से जुड़ी होती है। न्यायालय ने आश्चर्य जताया कि सीईसी और ईसी की नियुक्तियों में ऐसा स्वतंत्र सदस्य क्यों गायब है, जिनका सीधा संबंध देश में लोकतांत्रिक एवं चुनावी निष्पक्षता बनाए रखने से है।

### अटॉर्नी जनरल ने माना प्रधानमंत्री से अलग नहीं हो सकती केंद्रीय मंत्री की राय, कोर्ट ने कहा.. इससे तो चयन प्रक्रिया पूरी तरह सरकार के नियंत्रण में

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने स्वीकार किया कि व्यावहारिक रूप से पैनल में शामिल कैबिनेट मंत्री आमतौर पर प्रधानमंत्री से अलग राय नहीं रखते। इस पर न्यायालय ने कहा कि इससे चयन प्रक्रिया का नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्यपालिका (सरकार) के हाथ में आ जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि अर्ध-न्यायिक कार्य करने वाले निकाय कार्यपालिका के नियंत्रण में नहीं रह सकते, विशेषकर तब जब सत्तारूढ़ दल खुद चुनावी विवादों में निर्वाचन आयोग के समक्ष एक पक्षकार (वादी) बन जाता है। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह भी जारी रहेगी।

**सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियां**

- पीठ ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक के चयन पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश यानी सीजेआई शामिल होते हैं तो फिर सीईसी और ईसी की चयन प्रक्रिया में कोई स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं रखा गया है जिसका सीधा संबंध देश में लोकतांत्रिक एवं चुनावी निष्पक्षता बनाए रखने से है
- अदालत ने बार-बार इस बात को रेखांकित किया कि मुख्य मुद्दा यह है कि क्या वर्तमान व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत एक स्वतंत्र निर्वाचन आयोग की आवश्यकता को पूरा करती है, विशेष रूप से तब जब स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है।

### केंद्र का तर्क... अनूप बर्णवाल फैसले के पालन के लिए हम बाध्य नहीं

अटॉर्नी जनरल ने दलील पेश करते हुए कहा कि संसद को कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है और वह अनूप बर्णवाल मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ की ओर से सुझाए गए अस्थायी'' उपाय का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। बर्णवाल फैसला अनुच्छेद 142 (पूर्ण न्याय करने की विवेकाधीन शक्ति) का प्रयोग था और अनुच्छेद 141 के तहत बाध्यकारी कानून नहीं था जो संसद के किसी अधिनियम को रद्द कर सके। अटॉर्नी जनरल ने तर्क दिया कि न्यायालय केवल इस आशंका पर किसी कानून को अमान्य नहीं ठहरा सकती कि इसके तहत आयुक्तों की नियुक्ति स्वतंत्र नहीं होगी। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने तर्क दिया कि अनूप बरनवाल मामले में तय किए गए संवैधानिक सिद्धांतों को ऐसे कानून के माध्यम से कमजोर नहीं किया जा सकता जो नियुक्तियों में फिर से कार्यपालिका के प्रभुत्व को बहाल करता है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा 4 की मौत, 38 लोग अगवा


अस्पताल में गोलीबारी में घायल हुए युवक से हालचाल पूछते मणिपुर के मुख्यमंत्री।

**इम्फाल, एजेंसी**

मणिपुर में दो समूहों के बीच फिर से भड़की हिंसा में अज्ञात हमलावरों ने अलग-अलग समुदायों के चार लोगों की हत्या कर दी है और 38 से अधिक लोगों को अगवा कर लिया है। राज्य के गृह मंत्री के गोविंदस ने कहा है कि अगवा किए गए लोगों को सुरक्षित छुड़ाने के प्रयास जारी हैं।

बुधवार को जैसे ही हत्याओं की खबर फैली, दोनों समुदायों के लोगों ने अलग-अलग इलाकों में दूसरे संघर्षरत समुदायों के लोगों का अपहरण करना शुरू कर दिया। गृह मंत्री ने अगवा किए गए लोगों का विवरण साझा नहीं किया। उन्होंने जेएनआईएमएस अस्पताल का दौरा किया, जहां उनके साथ विधायक अवांगबो न्यूमई, काशिम वाशुम, जमेनलुंग पामेई और दीपू गंगमेई भी मौजूद थे। वे यहां नोनी जिले के डोलंग गांव के रहने वाले विल्सन थंगा के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे। गोविंदस ने कहा कि विल्सन थंगा ने जौजंगटेक में संदिग्ध उग्रवादियों की ओर से किए गए कायराना हमले में अपनी जान गंवा दी, जबकि दो घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी जघन्य हरकतें वे लोग कर रहे हैं जो मणिपुर में सद्भाव और एकता को भंग करना चाहते हैं। थंगा की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए जेएनआईएमएस लाया गया था। बुधवार को कांगपोकपी जिले में भी तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

- **सरकार ने किया अगवा लोगों को छुड़ाने की कोशिश करने का दावा**

# कोलकाता के डीसीपी को ईडी ने किया गिरफ्तार

- **धोखाधड़ी और जबरन वसूली के आरोप में की गई गिरफ्तारी**

**कोलकाता।** ईडी ने कोलकाता पुलिस के उपायुक्त (डीसीपी) शांतनु सिन्हा विश्वास को धोखाधड़ी और जबरन वसूली से जुड़े मामले में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी बताया कि यहां एजेंसी के कार्यालय में 10 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद विश्वास को गिरफ्तार किया गया।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सोना पप्पू नेटवर्क से जुड़े कथित रूप से भूमि हड़पने, जबरन वसूली और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शांतनु सिन्हा विश्वास से पूछताछ की गई। उन्होंने बार-बार सीधे जवाब देने से परहेज किया और जांच में सहयोग नहीं किया। इकट्ठे सबूतों और पूछताछ के दौरान उनके आचरण के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वर्तमान में कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण विभाग में तैनात विश्वास आधिकारिक व्यस्तताओं का हवाला देते हुए कई बार समन की अवहेलना करने के बाद एजेंसी के समक्ष पेश हुए। एजेंसी द्वारा उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया था।

# तमिलनाडु में 2% बढ़ा कर्मचारियों और शिक्षकों का डीए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसफ विजय ने बृहस्पतिवार को सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की। इस संशोधन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। यह वृद्धि एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से राज्य सरकार पर सालाना 1,230 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। राज्य सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार आवश्यक अतिरिक्त धनराशि आवंटित करेगी।




# कई राज्यों में डीजल-पेट्रोल की किल्लत, लंबी कतारें लगीं

गुजरात, ओडिशा और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में बृहस्पतिवार को डीजल-पेट्रोल की किल्लत के बीच फिलिंग स्टेशनों पर लंबी कतारें लग गईं। ओडिशा के कई पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म होने का बोर्ड लगा हुआ था। हालांकि, राज्य सरकार ने दावा किया कि राज्य में ईंधन की कोई कमी नहीं है। ओडिशा प्राइवेट बस ओनर्स एसोसिएशन ने दावा किया कि ईंधन की कमी के कारण लगभग 2,000 बसें संचालित नहीं हो पा रही हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित राज्य के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर बृहस्पतिवार को वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। हालांकि पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि ईंधन की आपूर्ति अधिकांश स्थानों पर सामान्य बनी हुई है।

### प्रीमियम पेट्रोल बेचने का दबाव

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम डीलरों के संगठन ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के समक्ष प्रीमियम पेट्रोलियम की बिक्री बढ़ाने को दबाव डालने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ग्राहकों को एक उत्पाद से वंचित कर दूसरा उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### राजस्थान में घटाई तेल की आपूर्ति

**जयपुर।** राजस्थान के पेट्रोल पंप डीलरों ने आरोप लगाया है कि तेल विपणन कंपनियों ने खुदरा दुकानों पर ईंधन की आपूर्ति घटा दी है और उपभोक्ताओं को पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर अनौपचारिक सीमा लगा दी है। डीलरों ने चेतावनी दी है कि यह कदम पेट्रोल पंपों पर कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा कर सकता है।




# मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद पार्टी में बढ़ेगा केसी का कद

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में 'केसी' को खारिज नहीं कर सकते। केरल के मुख्यमंत्री पद का फैसला होने के बाद पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बृहस्पतिवार को यह चर्चा आम थी। कांग्रेस के कई नेताओं का मानना है कि संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भले ही मुख्यमंत्री पद हासिल करने में कामयाब नहीं हो सके, लेकिन आने वाले दिनों में पार्टी में उनका कद और बढ़ सकता है।

पार्टी नेतृत्व ने वीडी सतीशन को केरल का मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया। कांग्रेस को इस निर्णय पर पहुंचने में 10 दिन लग गए। इस निर्णय में देरी का एक प्रमुख कारण वेणुगोपाल की दावेदारी थी क्योंकि वह पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस में एक शक्तिशाली नेता और राहुल गांधी के करीब हैं। इस पद के लिए तीन मुख्य दावेदार सतीशन, वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला थे।

# अन्नाद्रमुक में खींचतान, पलानीस्वामी को बागियों ने की अयोग्य घोषित करने की मांग

- **विरोधी गुट ने लगाया पार्टी की ओर से जारी व्हिप के उल्लंघन का आरोप**
- **विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कार्रवाई करने की मांग की**

**चेन्नई, एजेंसी**

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) में जारी खींचतान और बढ़ गई है। सीवी षणमुगम और एसपी वेलुमणि नीत गुट ने बृहस्पतिवार को अन्नाद्रमुक प्रमुख ईके पलानीस्वामी और उनके साथी विधायकों पर तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार के विश्वास मत के सिलसिले में पार्टी की ओर से जारी व्हिप का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और उन्हें विधायक के रूप में अयोग्य घोषित किए जाने की मांग की।

पलानीस्वामी ने एक बयान में दावा किया, वे छह मंत्री पद और 10 बोर्ड प्रमुख पद के लालच में फंस गए। यह बेहद दुखद है कि पार्टी के साथ विश्वासघात करने वाले लोग मेरे बारे में दुष्प्रचार फैला रहे हैं। वेलुमणि ने पलानीस्वामी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विरोधी खेमा मंत्री पद के पीछे नहीं भाग रहा है, क्योंकि अम्मा (दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता) ने हमें पद दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पलानीस्वामी के नेतृत्व में अन्नाद्रमुक को 2019 से लेकर अब तक केवल चुनावी हार का सामना करना पड़ा है और वे (षणमुगम-वेलुमणि गुट) पार्टी की आम परिषद में केवल इस पर चर्चा करना चाहते थे। इससे पहले, षणमुगम-वेलुमणि गुट ने दावा किया कि उसे पार्टी के 47 विधायकों का समर्थन हासिल है। षणमुगम-वेलुमणि गुट के सचेतक सी विजयभास्कर ने कहा कि विधायक दल का फैसला बहुमत के आधार पर होता है। उन्होंने संकेत दिया कि षणमुगम-वेलुमणि गुट को यह बहुमत हासिल है।

विजयभास्कर ने कहा कि बुधवार को विश्वास मत के दौरान विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार के पक्ष में मतदान करने के उनके निर्देश के बारे में व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए सभी अन्नाद्रमुक विधायकों को विधिवत रूप से सूचित कर दिया गया था। उन्होंने कहा, 47 विधायकों में से 25 ने निर्देश का पालन किया। एडप्पाडी पलानीस्वामी समेत पार्टी के 22 विधायकों ने अन्नाद्रमुक के सचेतक के रूप में मेरी ओर से जारी निर्देश पर अमल नहीं किया तथा उसके खिलाफ कदम उठाया। इसलिए हमने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर दलबदल रोधी कानून के तहत पलानीस्वामी तथा उनके साथी विधायकों को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने की मांग की।

**परिवर्तन** | पीओके से घुसपैठ के लिए कुख्यात रहा है बर्फ की चोटिया से ढका यह दुर्गम इलाका, अब पर्यटकों से होगा गुलजार

# ऐतिहासिक युद्ध स्थल पर अब संग्रहालय और जांच चौकी

**साधना पास, एजेंसी**

बर्फ से ढकी चोटियों से घिरा यह दुर्गम इलाका कभी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से घुसपैठ के लिए जाना जाता था। इस दर्रे का नाम दिवंगत अभिनेत्री साधना के नाम पर रखा गया है। बृहस्पतिवार को इस दर्रे का कुख्यात अतीत वर्तमान से जुड़ गया, जब इस ऊंचे स्थान पर एक जांच चौकी और एक युद्ध संग्रहालय का उद्घाटन किया गया।

शमशाबाड़ी पर्वत श्रृंखला में 10,269 फुट की ऊंचाई पर स्थित अत्याधुनिक एकीकृत पारगमन प्रतिष्ठान और शौर्य गाथा परिसर सैंड मॉडल हिल चोटी पर मौजूद है। यह कर्णाह और कुपवाड़ा के बीच स्थित है, जो कश्मीर घाटी को जोड़ने वाले ऊंचे, वन दर्रों से होकर गुजरने वाले मार्ग पर पड़ता है। एकीकृत पारगमन प्रतिष्ठान मादक पदार्थों के व्यापार को रोकने के लिए एक जांच चौकी है, वहीं सेना की 28वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 104वीं ब्रिगेड द्वारा निर्मित युद्ध संग्रहालय वीरता और साहस की गाथाओं की याद दिलाता है। साधना दर्रे (जिसे पहले नास्ताचुन दर्रे के नाम से जाना जाता था) पर स्थित ये दोनों प्रतिष्ठान दो साल से भी कम समय में बनकर तैयार हो गए। अक्टूबर 1965 में जब फिल्म 'मेरे महबूब' की अभिनेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की जीत पर बधाई देने के लिए यहाँ का दौरा किया, तब इस दर्रे का नाम बदल दिया गया। उस समय जिन चोटियों पर भारत ने कब्जा कर लिया था, उन्हें ताशकंद समझौते के बाद पाकिस्तान को वापस सौंप दिया गया। बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संग्रहालय और जांच चौकी का उद्घाटन किया।


एलओसी से नजदीक स्थापित किया गया युद्ध संग्रहालय।

### भारत-पाकिस्तान के तीन युद्धों की अमर गाथा

शौर्य गाथा संग्रहालय में स्वतंत्रता के बाद से तंगधार क्षेत्र में लड़े गए युद्धों को अमर बनाने वाले अवशेषों, अभिलेखों और कथाओं का संग्रह है। यह स्थान भारत-पाकिस्तान के तीन युद्धों का क्षेत्र रहा है। पर्यटक हरबख्श स्थल भी जा सकते हैं, जिसका नाम तत्कालीन ब्रिगेडियर हरबख्श सिंह के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने 1947-48 के युद्ध के दौरान तंगधार और तीतवाल पर कब्जा करने के अभियान का नेतृत्व किया था।

